कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :......................................
दिनांक : ....

संशोधित कार्यालय ज्ञाप

पी0एच0डी0 सत्र 2019–20 में प्रवेश के सम्बन्ध में कार्यालय पत्र संख्या पी0एचडी0/12407–11 दिनांक 17.08.2020 द्वारा सूचित किया गया था कि जिन छात्रों ने पूर्व में आवेदन किया था परन्तु **कोविड–19** के कारण उनसे सम्बन्धित विषयों की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न नही हो पायी थी **उनकी प्रवेश परीक्षा 29 अगस्त 2020 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित थी, परन्तु मोहर्रम के दृष्टिगत रखते हुए यह परीक्षा स्थगित की जाती है। अब यह परीक्षा दिनांक 01 सितम्बर 2020 को आयोजित की जा रही है। यह प्रवेश परीक्षा मुख्य रूप से विज्ञान, विधि, शिक्षा और ललित कला के 04 संकायों के अवशेष छात्रों की आयोजित की जा रही है।** पूर्व की तरह शेष परीक्षाएं केवल लखनऊ में परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित की जायेगी।

उक्त के क्रम में पी0एच0डी0 सत्र 2019–20 में प्रवेश हेतु आवेदित छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि **दिनांक 19 अगस्त 2020 से अपने एडमिट कार्ड फिर से डाउनलोड कर प्रिन्ट कर लें।** आवंटित परीक्षा केन्द्र एवं समय सारणी का विस्तृत विवरण एडमिट कार्ड पर मुद्रित रहेगा **तथा तद्नुसार दिनांक 01 सितम्बर 2020 को प्रवेश परीक्षा में समय से उपस्थित हों।** सभी परीक्षार्थियों को कोविड–19 से सुरक्षा के दृष्टिकोण से मास्क एवं सेनेटाइजर साथ में लाना अनिवार्य होगा। किसी भी शंका–समाधान हेतु **हेल्पलाइन न0 0522–4150500 या 9415583922** पर प्रातः 10:00 से सांय 5:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है।

(डा0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या PhD/12468-72 दिनांक 18/08/2020

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति, को मा0 कुलपति जी, के अवलोकनार्थ।
2. प्रो0 अनिल मिश्रा, समन्वयक प्रवेश, पी0एच0डी0, 2019–20 ल0वि0वि0।
3. निदेशक, आई0पी0पी0आर, ल0वि0वि0, लखनऊ।
4. उपकुलसचिव, शोध, ल0वि0वि0।
5. उपकुलसचिव, प्रवेश,ल0वि0वि0।

(डा0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव